समय/वक्त

drishtiias.com/hindi/printpdf/time-essay

जीवन समय में कैद एक यात्रा है, कुछ पलों के अतिरिक्त जो स्वतंत्र होते हैं।
-स्टीफन हॉकिंग्स

मेरे जैसे व्यक्ति जो भौतिक शास्त्र में विश्वास करते हैं; भूतकाल, वर्तमान तथा भविष्यकाल में अंतर जानते हैं, उन्हें ज्ञात है कि यह एक जिद्दी स्थायी भ्रम है।
-अल्बर्ट आइंस्टाइन

अब तक तीन आयामों में विकास की बजाय चार आयामों को भौतिक वास्तविकता के रूप में स्वीकार करना ज्यादा प्राकृतिक है। इसमें समय चौथा आयाम है।
-अल्बर्ट आइंस्टाइन

समय का पहिया चले रे साथी
समय का पहिया चले
फौलादी घोड़ों की गति से आग बरफ में जले रे साथी
समय का पहिया चले
रात और दिन पल-पल छिन
आगे बढ़ता जाय
तोड़ पुराना नए सिरे से
सब कुछ गढ़ता जाय।
-गोरख पांडेय

समय को
अपना
काम कर लेने दो
उसे अब हमारा भी
इतिहास लिखना है।
-असंगघोष

जिस समय ने
मंदाकिनी को, भागीरथी को
गंगा में समाहित किया,

‘चरैवेति-चरैवेति’ की उपमा से,
जल को गंगा की उपाधि दी
उसी समय ने मनुष्य का आविष्कार किया है।
मैं, कैसे मान लूँ,
तुमने समय का संक्षिप्त इतिहास लिखा है।
-मधुप मेहता

ये पानी खामुशी से बह रहा है
इसे देखें कि इस में डूब जाएँ।
-अहमद मुश्ताक